एस-18020/4/2016-एसबीएम
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रभाग

12वां तल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003

दिनांक 25.10.2016

सेवा में,
मुख्य सचिव/सचिव
प्रभारी, ग्रामीण स्वच्छता
सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र
(ई.मेल/ फैक्स के माध्यम से)

विषय :- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अप्रोच पर क्षेत्रीय कॉनक्लेव।

महोदया/महोदय,

सभी राज्य 02 अक्टूबर, 2019 तक/से पहले स्वच्छ भारत की प्राप्ति की दिशा में तत्परता से काम कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन में कार्यान्वयनकर्ताओं के साथ निरंतर भागीदारी आवश्यक होती है ताकि विभिन्न मुद्दों पर क्रॉस शेयरिंग और बेहतर समझ हो सके। यह मंत्रालय राष्ट्र स्तरीय कार्यशालाओं में राज्यों के साथ नियमित रूप से संवाद आयोजित करता है। क्षेत्रीय कॉनक्लेव भी आयोजित करना आवश्यक है ताकि राज्यों को अपनी समस्याओं को बताने का अधिक अवसर प्राप्त हो सके। क्षेत्रीय कान्क्लेव से इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा का बेहतर अवसर भी प्राप्त होगा।

2 तदनुसार, भारत के पांच क्षेत्रों में दस एक-दिवसीय कांक्लेव की एक श्रृंखला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह क्षेत्रीय कॉनक्लेव श्रृंखला नवम्बर, 2016-जनवरी, 2017 के दौरान प्रत्येक बृहस्पतिवार को आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। कॉनक्लेव में प्रतिभागियों की संख्या लगभग 50-70 होगी जिसमें लगभग 20 राज्य प्रतिभागी 50 जिला प्रतिनिधि होंगे। राज्य प्रतिनिधियों में राज्य समन्वयक, कंसल्टेंट और मध्य-स्तरीय एसबीएम -जी कार्यान्वयन अधिकारीगण शामिल होंगे जबकि जिला समन्वयक/ जिला कंसलटेंट्स, जिलों का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंत्रालय से, निदेशक/ संयुक्त सचिव/ सचिव स्तर पर उपयुक्त प्रतिनिधित्व होगा। विकास के हिस्सेदारों से प्रतिनिधि भी इन कॉनक्लेव का हिस्सा होंगे। कॉनक्लेव श्रृंखलाओं की डिजाइन इस प्रकार की जाएगी जिससे राज्यों को इंटरएक्टिव बहस और अनुभव साझा करने में भागीदार बनाया जा सके।

3. इन कॉनक्लेव में चर्चा हेतु विषयगत क्षेत्रों और कॉनक्लेवका कैलेण्डर क्रमशः अनुलग्नक- I और अनुलग्नक- II पर दिए गए हैं। अनुरोध किया जाता है कि आपके राज्य और जिलों के संबंधित अधिकारीगण नामित किए जाएं और कॉनक्लेव में अनुसूची के अनुसार उपस्थित होने के लिए निदेश दिए जाएं।

4. इस संबंध में सिरीएशा दरभा, कंसलटेंट, क्षमता निर्माण, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, नई दिल्ली, ई मेल- sirieshadarbha@kpmg.comमोबाइल 09866320206 मंत्रालय की ओर से नोडल व्यक्ति होंगे।

भवदीय

(अरूण बरोका)
संयुक्त सचिव (एसबीएम)

प्रतिलिपि प्रेषितः- राज्य समन्वयक एसबीएम (जी), सभी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र

निम्नलिखि को भी प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. सचिव के पीपीएस, डीडब्ल्यूएस, एसडीडब्ल्यूएस
2. एएस (डीडब्ल्यूएस) के पीपीएस, एमडीडब्ल्यूएस
3. निदेशक (एसबीएम) के पीएस
4. तकनीकी निदेशक एनआरसी, एमडीडब्ल्यूएस को इस मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
5. अवर सचिव (एसबीएम) / डॉ नीरज तिवारी, एमडीडब्ल्यूएस

कॉनक्लेव में चर्चा हेतु विषयगत क्षेत्र

- समुदाय भागीदारीः सामुदायिक प्रोत्साहन और भागीदारी प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना, नेतृत्व और निर्णयन में महिलाओं की भूमिका।
- ओडीएफ सत्यापन और निरन्तरताः वर्तमान प्रक्रियाएं: सत्यापन के दौरान कुछ जीपी/ गांवों के फेल होने के कारणः सत्यापन को सुदृढ़ बनाने एवं प्रक्रिया को निरन्तर बनाने हेतु आवश्यक नीतिगत सहायताः एमआईएस पोर्टल में बाधाः अवसंरचना प्रावधान में अपनाए गए गुणवत्ता जांच उपायः एकल पिट से ट्विनपिट की ओर बढ़ना आदि।
- मानव संसाधन विकासः एसबीएम-जी के अंतर्गत वर्तमान एचआर ढांचा, प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण/ क्षमताओं के विस्तार में वर्तमान निवेश, सत्यापन, एम एंड ई आदिः सामुदायिक सुविधाओं जैसे स्वयं सेवी समूहों के लिए प्रोत्साहन ढांचा।
- व्यवहारगत परिवर्तन संप्रेषणः राज्य/जिलों की बीसीसी प्रसार योजनाः फेथ लीडरों/ एम्बेसडरों को शामिल करते हुए आईईसी में निवेश पर चर्चा, आदि।
- क्षमता निर्माणः सीएलटीएस, डाटा क्वालिटी, अवसंरचना गुणवत्ता जैसे क्षेत्रों में समुदायों सहित प्रमुख स्टेकहोल्डरों को शामिल करने और सुदृढ़ीकरण में राज्य/जिलों की क्षमता संवर्धन योजनाः सहायता के माहौल को आगे बढ़ाने में राज्य की भूमिका- माइक्रो फाइनेंस, कंपोस्ट के लिए बाजार, स्वच्छता संबंधित रोजगारों के सृजन पर शिक्षा और वर्षाजल संचयन, अपशिष्ट जल का उपयोग करते हुए किचन गार्डन जैसे कार्यकलाप आदि।
- प्रौद्योगिकी के मुद्दे।

अरुण

अनुलग्नक-II

कैलेंडर

| कॉनक्लेव राज्य | जिलों की संख्या | कॉनक्लेव शहर | इंडिकेटिवतारीख |
|---|---|---|---|
| जम्मूएवं कश्मीर | 22 | उत्तर (165 जिले) : लखनऊ और चंडीगढ़ | नवंबर 17, 2016<br>दिसंबर 1, 2016 |
| हिमाचल प्रदेश | 12 | | |
| पंजाब | 22 | | |
| उत्तराखंड | 13 | | |
| हरियाणा | 21 | | |
| उत्तर प्रदेश | 75 | | |

| कॉनक्लेव राज्य | जिलों की संख्या | कॉनक्लेव शहर | इंडिकेटिवतारीख |
|---|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | 16 | उत्तरपूर्व (90 जिले) : गुवाहाटी | नवंबर24, 2016<br>दिसंबर 8, 2016 |
| असम | 27 | | |
| मणिपुर | 9 | | |
| मेघालय | 7 | | |
| मिजोरम | 8 | | |
| नागालैंड | 11 | | |
| सिक्किम | 4 | | |
| त्रिपुरा | 8 | | |

| कॉनक्लेव राज्य | जिलों की संख्या | कॉनक्लेव शहर | इंडिकेटिवतारीख |
|---|---|---|---|
| पश्चिमी बंगाल | 20 | पूर्व (115 जिले) : कोलकाता और रांची | दिसंबर 15, 2016<br>दिसंबर 22, 2016 |
| बिहार | 38 | | |
| झारखंड | 24 | | |
| ओडिशा | 30 | | |
| अंडमान-द्वीप समूह निकोबार | 3 | | |

| कॉनक्लेव राज्य | जिलों की संख्या | कॉनक्लेव शहर | इंडिकेटिवतारीख |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 13 | दक्षिण (121 जिले) : हैदराबाद और बैंगलौर | जनवरी5,2017<br>जनवरी 12,2017 |
| कर्नाटक | 30 | | |
| केरल | 14 | | |
| तमिलनाडु | 31 | | |
| तेलंगाना | 9 | | |
| पुडुचेरी | 2 | | |